Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to revive food processing unit of NERMAC in Tripura West Parliamentary Constituency of Tripura.

सुश्री प्रतिमा भौमिक (त्रिपुरा पश्चिम): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं त्रिपुरा स्टेट से आती हूं । हमारे स्टेट के किसान पाइनएप्पल फ्रूट का उत्पादन करते हैं । इस फ्रूट पर आधारित एक फूड प्रोसेसिंग प्रोजेक्ट नेरामैक है । असम के सिल्चर, करीमगंज तथा मिजोरम के किसानों का फ्रूट प्रोसेसिंग सेंटर नेरामैक, कुमारघाट में है । लेकिन, पिछले कुछ सालों से यह सेंटर बंद है । हमारे राज्य का पाइनएप्पल दुनिया का सबसे मीठा पाइनएप्पल है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री से अनुरोध करना चाहती हूं कि नेरामैक प्रोजेक्ट, जो पिछले 10-12 सालों से बंद है, उसको पुन: चालू करें तथा मिजोरम, करीमगंज, सिल्चर और त्रिपुरा के किसान जो पाइनएप्पल की पैदावार करते हैं, उनको लाभ मिले, बेरोजगारों को रोजगार मिले, क्योंकि त्रिपुरा एक स्टेट फ्रूट राज्य है । सरकार आने के बाद हमारे राष्ट्रपति जी ने त्रिपुरा को स्टेट फ्रूट घोषित किया था । हमारे स्टेट में क्वीन पाइनएप्पल है, जो बहुत अच्छा है और अभी इसकी पैदावार भी अच्छी हो रही है । हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी किसानों के उत्पाद को दोगुना करना चाहते हैं, इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूं कि नेरामैक प्रोजेक्ट को पुन: चालू करे, जिससे किसानों का अच्छा लाभ मिले तथा बेरोजगारों को रोजगार मिले । धन्यवाद ।